कार्यालय विशेष प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कैम्पा) सतपुड़ा भवन, मध्य प्रदेश भोपाल
दरभाष –कार्यालय 0755–2674234,फैक्स–0755–267234,ई–मेल pccfcampa@mp.gov.in

(8)

क्रमांक/कैम्पा/ 666 भोपाल, दिनांक 28-09-16

प्रति,

1. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव
   वन/वित्त/योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी/लोक निर्माण/जल संसाधन/पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, म.प्र.
2. प्रधान मुख्य वन संरक्षक, म.प्र.
3. प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) म.प्र.
4. सचिव, मध्य प्रदेश शासन, वन विभाग
5. अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (क्षेत्रीय) भारत सरकार, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, केंद्रीय भवन, रविशंकर नगर, भोपाल (भारत सरकार, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय के प्रतिनिधि)
6. अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (विकास), म.प्र.
7. अशासकीय संगठन, डब्ल्यु.डब्ल्यु.एफ. मध्यप्रदेश रायबा बिल्डिंग,
   पर्यावरण परिसर, ई–5 अरेरा कॉलोनी, भोपाल, म.प्र.
8. अशासकीय संगठन, अरण्या भोपाल
   श्रीमती अर्चना शर्मा (अरण्या) (9303125057)
   ई–7/803, अरेरा कॉलोनी, पानी की टंकी के पास, भोपाल म.प्र.

विषयः–प्रतिपूरक वनीकरण निधि प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण, म.प्र. की राज्य स्तरीय संचालन समिति की बैठक दिनांक 30.09.2016। 03-10-2016

प्रतिपूरक वनीकरण निधि प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण (CAMPA), म.प्र. की राज्य स्तरीय संचालन समिति की 8वी. बैठक मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन की अध्यक्षता में दिनांक 30.09.2016 (03-10-2016) को अपरान्हः 3.00 (10:30) बजे मंत्रालय स्थित मुख्य सचिव के प्रतिकक्ष में आयोजित की गयी है। उक्त बैठक का एजेण्डा संलग्न कर आपकी ओर भेजा जा रहा है। कृपया उक्त बैठक में उपस्थित रहने हेतु अनुरोध है।

संलग्नः–उपरोक्तानुसार।

(भानु प्रकाश गुप्ता)
अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कैम्पा)
मध्य प्रदेश, भोपाल

पृ. क्रमांक/कैम्पा/ 667 भोपाल, दिनांक 28-09-16

प्रतिलिपिः– स्टाफ ऑफिसर, मुख्य सचिव, म.प्र. मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल की ओर दिनांक 30.09.2016 को आयोजित बैठक का एजेण्डा की प्रति अवलोकनार्थ संलग्न प्रेषित है।

संलग्नः–उपरोक्तानुसार

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कैम्पा)
मध्य प्रदेश, भोपाल

8

मध्यप्रदेश शासन
वन विभाग
मंत्रालय वल्लभ भवन

क्रमांक / एफ-03-39 / 2014 / 10-2 दिनांक 17 / 10 / 2016

प्रति,

प्रधान मुख्य वन संरक्षक
कैम्पा
सतपुडा भवन भोपाल।

विषयः- राज्य स्तरीय संचालन समिति की 8वीं बैठक का कार्यवाही विवरण बावत।

संदर्भः- आपका पत्र क्रमांक एफ-10 / बजट / 334 / 694 103 दिनांक 06.10.2016

---00---

विषयांतर्गत लेख है कि दिनांक 03.10.2016 को स्टेट कैम्पा के राज्य स्तरीय संचालन समिति की बैठक का कार्यवाही विवरण मुख्य सचिव महोदय द्वारा अनुमोदन के पश्चात अवलोकनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है। साथ ही यह अनुरोध है कि उपरोक्त बैठक में उपस्थित संबंधित अधिकारियों को भी अपने स्तर से उपरोक्त कार्यवाही विवरण प्रेषित करने का कष्ट करें।

संलग्न :- उपरोक्तानुसार

17-10-16

(संजय मोहरीर)
अपर सचिव
म.प्र. शासन वन विभाग
मंत्रालय भोपाल

APCCF (campa)
18-10-16

3090
18-10-2016

E:\Manish\letter docx\209

मुंख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन की अध्यक्षता में गठित, मध्य प्रदेश स्टेट कैम्पा की राज्य स्तरीय संचालन समिति की 8वीं बैठक दिनांक 03 अक्टूबर 2016 का कार्यवाही विवरण

---0---

दिनांक 03 अक्टूबर 2016 को मुख्य सचिव, मध्य प्रदेश शासन की अध्यक्षता में स्टेट कैम्पा की राज्य स्तरीय संचालन समिति की 8वीं बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उपस्थित अधिकारियों की सूची परिशिष्ट–I पर है। बैठक का कार्यवाही विवरण निम्नानुसार है:–

एजेण्डा क्रमांक–1

राज्य स्तरीय संचालन समिति की 7वीं बैठक दिनांक 24.06.2016 के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन।

राज्य स्तरीय संचालन समिति की 7वीं बैठक दिनांक 24.06.2016 के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन किया गया।

एजेण्डा क्रमांक–2

राज्य स्तरीय संचालन समिति की 7वीं बैठक दिनांक 24.06.2016 में लिये गये निर्णयों का पालन प्रतिवेदन।

राज्य स्तरीय संचालन समिति की 7वीं बैठक दिनांक 24.06.2016 में लिये गये निर्णयों पर बिन्दुवार पालन प्रतिवेदन के विवरण से समिति अवगत हुई।

तदोपरान्त बैठक में रखे गये एजेण्डा पर चर्चा उपरांत निम्न निर्णय लिये गये:

एजेण्डा क्रमांक–3

प्रस्तावित एजेण्डा:– एंड–हॉक कैम्पा, नई दिल्ली में मध्यप्रदेश राज्य की जमा राशि ₹ 3229.77 करोड़ है। वित्तीय वर्ष 2016–17 हेतु उपलब्ध होने वाली संभावित राशि (उपरोक्त राशि का 10 प्रतिशत) के आधार पर वर्ष 2016–17 का ए.पी.ओ. अवलोकनार्थ प्रस्तुत किया गया।

वर्ष 2016–17 के ए.पी.ओ. में प्रस्तावित कार्यों के विवरण से समिति अवगत हुई।

एजेण्डा क्रमांक –4

प्रस्तावित एजेण्डा:– विगत वर्षों के वनीकरण – रोपण एवं रखरखाव

वर्ष 2010–11 से वर्ष 2014–15 तक की अवधि के रकबा 38265.385 हे0, 108.597 कि.मी. एवं 18491.5 रनिंग मीटर के वृक्षारोपण का रखरखाव एवं वर्ष 2015–16 की क्षेत्र तैयारी के रोपण कार्य हेतु वर्ष 2016–17 के लिये ए.पी.ओ. वर्ष 2010–11, वर्ष 2011–12, वर्ष 2012–13, वर्ष 2013–14 एवं 2014–15 में सम्मिलित क्रमशः 249, 122, 59, 69 परियोजनाओं में स्वीकृत क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण क्षेत्रों के रखरखाव हेतु एवं वर्ष 2015–16 की 71 परियोजनाओं में स्वीकृत क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण क्षेत्रों में रोपण कार्य हेतु कुल राशि ₹ 76.83 करोड के प्रस्ताव समिति के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किये गये।

निर्णय :– समिति द्वारा वर्ष 2016–17 हेतु क्षतिपूर्ति वनीकरण कार्यों के रखरखाव की प्रस्तावित राशि ₹ 76.83 करोड़ के व्यय का अनुमोदन किया गया।

एजेण्डा क्रमांक –5

प्रस्तावित एजेण्डाः– एन.पी.व्ही. अंतर्गत असिंचित सागौन वृक्षारोपणों का रखरखाव

मध्य प्रदेश राज्य वन विकास निगम के अंतर्गत वर्ष 2011–12 में स्वीकृत असिंचित सागौन वृक्षारोपणों के रखरखाव हेतु वर्ष 2016–17 के लिये ₹ 1.04 करोड़ के प्रस्ताव समिति के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किये गये।

निर्णय :– समिति द्वारा म0प्र0 राज्य वन विकास निगम के अंतर्गत वर्ष 2011–12 में स्वीकृत असिंचित सागौन वृक्षारोपण के रखरखाव हेतु वर्ष 2016–17 के लिये प्रस्तावित राशि ₹ 1.04 करोड़ के व्यय का अनुमोदन किया गया।

एजेण्डा क्रमांक –6

प्रस्तावित एजेण्डाः– क्षतिपूर्ति वनीकरण के नवीन प्रस्ताव

25 वनमंडलों में 64 क्षतिपूर्ति वृक्षारोपणों की वनीकरण योजनाओं के 10 वर्ष के कुल लागत ₹ 104.90 करोड़ के प्रस्ताव प्रस्तुत किये गये। योजना अनुसार प्रथम वर्ष 2016–17 के प्रावधानित कार्यों के कियान्वयन हेतु राशि ₹ 40.48 करोड़ के प्रस्ताव समिति के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किये गये।

निर्णय :– समिति द्वारा विस्तृत चर्चा कर क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण अंतर्गत नवीन प्रस्तावित वनीकरण कार्यों हेतु ₹ 3 लाख से ₹ 4 लाख प्रति हेक्टेयर राशि तक के व्यय को औचित्यपूर्ण पाया गया। तदानुसार 10 वनमंडलों, पूर्व छिंदवाड़ा (21.33 हे0), जबलपुर (58.83 हे0), कटनी (25.862 हे0), सीहोर (43 हे0), उत्तर बैतूल (49 हे0), गुना (32 हे0), अनूपपुर (120 हे0), रायसेन (225 हे0), श्योपुर (100 हे0) भोपाल वनमंडल (360 हे0), के 09 Compensatory Afforestation (CA) परियोजनाओं एवं अनूपपुर वनमंडल (120 हे0) Assisted Natural Regeneration (ANR) की एक परियोजना की कुल राशि रुपये 31.69 करोड़ तथा योजना अनुसार प्रथम वर्ष 2016–17 के प्रावधानित कार्यों के कियान्वयन हेतु राशि ₹ 10.24 करोड़ के व्यय का अनुमोदन किया गया।

समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि शेष क्षतिपूर्ति वनीकरण परियोजनाओं का परियोजनावार पुनः परीक्षण किया जाये और प्रति हेक्टेयर अधिक व्यय आने का औचित्य देखा जाए। समिति के द्वारा उक्तानुसार प्रस्तावों का युक्तिकरण कर अपर मुख्य सचिव, वन को परीक्षणोपरांत प्रस्तावों के अनुमोदन हेतु अधिकृत किया गया। समिति द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि ऐसी क्षतिपूर्ति वनीकरण परियोजनाओं, जिनका क्षेत्रफल 5 हेक्टेयर से कम है, और परियोजना राजस्व भूमि पर तथा वन क्षेत्र से दूर प्रस्तावित हैं, उन्हें पृथक–पृथक संचालित नहीं करते हुये ऐसी परियोजनाओं को जोड़कर, बड़े क्षेत्र में वृक्षारोपण प्रस्तावित किये जावें।

एजेण्डा क्रमांक –7

वन्य प्राणी संरक्षण

7.1 वन्यप्राणी प्रबन्धन एवं सुरक्षा हेतु प्रस्ताव

प्रस्तावित एजेण्डाः– कूनो वन्यप्राणी वन मंडल श्योपुर के अंतर्गत 02 परिक्षेत्रों की 14 बीटों के 14 वन कक्षों के 83.00 हे0 क्षेत्र में चारागाह विकास कार्य के 14 प्रस्ताव, राशि ₹ 0.85 करोड़, समिति के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किये गये।

निर्णय :– समिति द्वारा वन्यप्राणी प्रबंधन एवं सुरक्षा हेतु कूनो वन्यप्राणी वन मंडल श्योपुर के चारागाह विकास कार्य के उक्त 14 प्रस्तावों की राशि रुपये 0.85 करोड़ के व्यय का अनुमोदन किया गया।

7.2 राज्य स्तरीय टाइगर स्ट्राइक फोर्स को वाहन उपलब्ध कराने हेतु

प्रस्तावित एजेण्डाः– राज्य स्तरीय टाइगर स्ट्राइक फोर्स हेतु 02 स्कॉर्पियो वाहन राशि रुपये 0.30 करोड़ के क्रय किये जाने का प्रस्ताव समिति के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किया गया।

निर्णय :– समिति द्वारा यह निर्णय लिया गया कि सहायक वन संरक्षक एवं उनसे निम्न अधिकारियों हेतु बोलेरो वाहन एवं उनसे उच्च स्तर के अधिकारियों हेतु स्कॉर्पियो वाहन क्रय किये जावें। तदानुसार प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

एजेण्डा क्रमांक –8

एन.पी.व्ही. अंतर्गत वर्ष 2016–17 हेतु नवीन कार्य

8.1 वनीकरण योजना–म0प्र0 राज्य वन विकास निगम अंतर्गत असिंचित सागौन वृक्षारोपण

प्रस्तावित एजेण्डाः–म0प्र0 राज्य वन विकास निगम अंतर्गत क्रमशः सीहोर, विदिशा–रायसेन, खंडवा परियोजना मंडलों में असिंचित सागौन वृक्षारोपण वर्ष 2016–17 से वर्ष 2020–2021 तक कुल क्षेत्रफल 3409.70 हे0 के लिये कुल लागत ₹ 55.39 करोड़ के एवं प्रथम वर्ष के कार्यों हेतु राशि ₹ 22.18 करोड़ के व्यय के प्रस्ताव समिति के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किये गये।

निर्णय :– समिति द्वारा विस्तृत चर्चा कर यह जानकारी चाही गई कि क्या वन विकास निगम किये गये वृक्षारोपण से वनोपज प्राप्त होने पर उसका शेयर शासन को देगा। क्या उक्त राशि निगम द्वारा डिपोजिट वर्क के रूप में चाही जा रही है, जो कि बाद में शासन को वापस की जावेगी ? जानकारी के अभाव में निर्णय लंबित रहा।

8.2 एन.पी.व्ही. अंतर्गत अन्य प्रस्तावित कार्य

8.2.1 वन संरक्षण कार्य (अधोसंरचना का विकास)

प्रस्तावित एजेण्डा:– वन अपराधों की रोकथाम हेतु वन चौकी, वॉच टावर के निर्माण एवं वन अमले का मुख्यालय में निवास सुनिश्चित करने हेतु लाईन क्वार्टर निर्माण तथा वन चौकियों के सुदृढ़ीकरण हेतु सोलर पावर पेक, बाउंड्रीवाल, पेयजल व्यवस्था एवं वन सुरक्षा सुदृढ़ीकरण के लिये वन भूमि की सीमा सुरक्षा हेतु पक्के मुनारों के निर्माण हेतु राशि ₹ 12.82 करोड़ के प्रस्ताव समिति के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किये गये।

निर्णय :– समिति द्वारा उक्तानुसार वन संरक्षण कार्य (अंधोसंरचना का विकास) हेतु राशि ₹ 12.82 करोड़ के व्यय का अंनुमोदन किया गया।

8.2.2 वन्यप्राणी प्रबंधन एवं संरक्षण :–

प्रस्तावित एजेण्डा:– राज्य कार्यकारिणी समिति की 15वीं बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार वर्ष 2016–17 के लिये उपयुक्त मद में उपलब्ध (संभावित) राशि की सीमा और विभाग की अन्य आवश्यक गतिविधियों/कार्यो को देखते हुए, वन्यप्राणी प्रबंधन एवं संरक्षण के प्रस्तावों में प्राथमिकता तय करते हुए कुल प्रस्तावों को ₹ 149.00 करोड़ तक सीमित किया जाए। इस हेतु प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) मध्य प्रदेश से प्राप्त कुल 199 कार्यो के लिये ₹ 149.00 करोड़ के प्रस्ताव समिति के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किये गये।

निर्णय :–समिति द्वारा सतना वन मण्डल–मुकुन्दपुर जू एवं रेस्क्यू सेंटर के ₹ 3.63 करोड़ के प्रस्ताव को छोड़कर शेष वन्यप्राणी प्रबंधन एवं संरक्षण के प्रस्तावों हेतु राशि ₹ 145.37 करोड़ के व्यय का अनुमोदन किया गया।

एजेण्डा क्रमांक– 8.2.3, 8.2.4, 8.2.5, 8.2.6, 8.2.7 पर समयाभाव के कारण समिति द्वारा चर्चा नहीं की जा सकी।

बैठक धन्यवाद प्रस्ताव के साथ सम्पन्न हुई।

संजय मोहरीर
अपर सचिव
मध्य प्रदेश शासन, वन विभाग

परिशिष्ट–I

# माननीय मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आयोजित स्टेट कैम्पा की राज्य स्तरीय संचालन समिति की 8वीं बैठक दिनांक 03 अक्टूबर 2016 में उपस्थित अधिकारियों/सदस्यों की सूची

| अ.क्र. | नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| 1 | श्री ए.पी. श्रीवास्तव | अपर मुख्य सचिव, वित मध्यप्रदेश |
| 2 | श्री आर.एस.जुलानिया | अपर मुख्य सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास |
| 3 | श्री दीपक खांडेकर | अपर मुख्य सचिव, वन, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, मध्यप्रदेश |
| 4 | श्री प्रमोद अग्रवाल | प्रमुख सचिव, लोक निर्माण विभाग, मध्यप्रदेश |
| 5 | श्री पंकज अग्रवाल | प्रमुख सचिव, जल संसाधन, मध्यप्रदेश |
| 6 | डॉ. अनिमेष शुक्ला | प्रधान मुख्य वन संरक्षक, मध्यप्रदेश |
| 7 | श्री पी.के.चौधरी | प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कैम्पा) |
| 8 | श्री वाई. सत्यम | अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (विकास) |
| 9 | श्री भानुप्रकाश गुप्ता | अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कैम्पा) |
| 10 | श्री आलोक कुमार | अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) |
| 9 | श्रीमती संगीता सक्सेना | प्रतिनिधि, अशासकीय संगठन, डब्ल्यू, एब्ल्यू,एफ. मध्यप्रदेश भोपाल |
| 10 | श्रीमती अर्चना शर्मा | अशासकीय संगठन, अरण्या |